Sakar Society For Differently Abled Persons

# वार्षिक  रिपोर्ट 2018-19




साकार सोसायटी फॉर डिफरेंटली एबल्ड पर्सन्स गांव डोदुवा तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हि०प्रदेश

**विभिन्न रूप से सक्षम बच्चों क़ा विशेष स्कूल साकार सुंदर नगर जिला मंडी हि०प्रदेश**

**भूमिका:- साकार सोसाइटी तहसील सुंदर सुन्दर नगर जिला मंडी में गांव डोदुवा में विभिन्न रूप से सक्षम बच्चों का विशेष स्कूल साकार सन 2008 से विशेष बच्चों विशेष शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा दे रही है ।जबकि जिला मंडी की जनसंख्या 9,99,777 है इस जनसंख्या के 2 या 3% बच्चे दिव्यांग है।**

**दिव्यांगता की प्रतिशतता को देखते हुए साकार सोसाइटी ने इस कार्य को करने का ज़िम्मा लिया**

**साकार सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य :-इस संस्था का मुख्य उदेश्य दिव्यांगजन का कल्याण करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, ताकि वह समाज मे सामजस्य स्थापित कर सके।**

**1) साकार ने शहर के साथ गांव -गांव के विशेष बच्चो स्कूल पहुंचाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना**

**2) ग़रीबी रेखा निचे परिवार के बच्चों निशुल्क शिक्षा देना।**

**3) विशेष बच्चों को सरकार से मिलने वाली सुविधा को दिलवाना।**

**4) साकार में विशेष बच्चों को क्षमता नुसार शिक्षा के साथ व्यवसाईक शिक्षा देना तथा योग्यता अनुसार रोजगार देना या। दिलवाना**

**5) विशेष बच्चों के माता -पिता समय पर परामर्श देना**

**साकार विशेष स्कूल:-** **साकार विशेष स्कूल गॉव डोदुवा में है इस स्कूल में हर रोज 60 से 65 विशेष बच्चे शिक्षा ग्रहण करने प्रतिदिन घर से आते हैं ।वाहनों द्वारा उन्हें घर तक छोड़ा जाता है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 5 विशेष शिक्षक 2 वोकेशनल इंस्ट्रक्टर 5 आया तथा एक पियोन है**

**कक्षा का वर्गीकरण इस प्रकार है:-**

**1)प्री-प्राइमरी**

**2) प्राइमरी-1**

**3)प्राइमरी-2**

**4) सेकंडरी**

**5) प्री-वोकेशनल**

**6) वोकेशनल**

**7) केअर ग्रुप**

**साकार सोसाइटी ने दो शाखाये जिला मंडी में चला रही है।**

**1)पदर**

**2) कांगू**

**1)पदर:-साकार की दुसरी शाखा पदर में है। इस शाखा में 18विशेष बच्चे विशेष शिक्षा ग्रहण करने आते है।यहा स्कूल 10:00 से 3:00pm. तक चलता है।इस स्कूल में एक विशेष शिक्षक तथा एक आया है।**






**2)कांगू:- साकार सोसाइटी ने इस शाखा की नींव सन 10 जुलाई 2018 कांगू तहसील सुन्दर नगर में रखी थी। इस शाखा में अब 15 से 20 विशेष बच्चे विशेष शिक्षा ग्रहण करने आते है। इस सह में दो विशेष शिक्षक तथा एक**

आया है।यह स्कूल 10:00 से2:30pm. तक चलता है। यह स्कूल 12 से 15 गांव को कवर करता है।





**फिजियोथेरेपी सेन्टर:-** साकार सोसाइटी ने एक फिजियोथेरेपी सेन्टर स्कूल के साथ चला रखा है। क्योंकि मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ Associative Problem रहती है, साथ-2 शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों कस पुनर्वास करने के लिए इस सेन्टर को स्कूल के साथ चला रखा है। इस सेन्टर में एक physiothrepist तथा CP. बच्चों के लिए एक विशेष शिक्षक जो CP बच्चों को विशेष शिक्षा दे रही है यह CP में डिप्लोमा धारक है ।इनके पास 10 से 12 बच्चे शिक्षा ग्रहणकररहे हैं।



**स्पीच थेरपी सेन्टर:-** विशेष बच्चों की आवश्यकता को ध्यान रखते हुए स्पीच थेरेपिस्ट द्वारा इन बच्चों को स्पीच थेरेपी दी जा रही है ताकि ये बच्चे स्पष्ट बोल सके ।

**शीघ्र हस्तक्षेप(Early Intervention):-** साकार सोसाइटी ने गाँव-गाँव जाकर सर्वे किया ।गांव के कुछ अभिभावको की मांग थी कि हमारे पांच वर्ष के बच्चों को भी दाखिला दे । साकार ने पांच बच्चों को दाख़िल किया, और उनका शीघ्र हस्तक्षेप किया जा रहा है।

अल्टरनेटिव थेरेपी:-

**Dance Therapy (Activities) :-** साकार विशेष स्कूल में इन बच्चों को Recreation skill को ध्यान में रखते हुए, विशेष बच्चों को प्रतिदिन Dance activities करवाई जाती है, प्रत्येक बच्चों को क्षमता नुसार

बच्चों को Dance सिखाया जाता हैं I सभी बच्चे हर उत्सब मे Dance का प्रदर्शन  स्टेज के ऊपर करते है। जैसे:- 26 जनवरी,15 अगस्त, सुंदर नगर  के नलवाड़, स्कूल में वार्षिक उत्सव ,



**स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2018:-** 15 अगस्त 2018 को साकार स्कूल के विशेष बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के उपर नृत्य की प्रस्तुति stage के उपर दी सुन्दर नगर के SDM से बच्चों ने ईनाम प्राप्त किए।



**गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी 2019:-** 26 जनवरी 2019 को साकार के विशेष बच्चों ने एकांकी स्टेज के ऊपर प्रस्तुत की और सुंदर नगर के SDM के कर कमलों द्वारा बच्चों ने ईनाम प्राप्त किए।



**Trasport की सुविधा :-** साकार के विशेष बच्चों घर से स्कूल तक लाना तथा छोड़ना साकार सोसाइटी  ने विशेष बच्चों को सुविधा दे रखी है । साकार सोसाइटी ने गरीबों के बच्चों को यह सुविधा निशुल्क प्रदान कर रही है ।




**Vocational unit :-** साकार सोसाइटी ने वोकेशनल यूनिट चला रखा है। इस यूनिट में पांच बच्चे कार्य कर रहे है। इस यूनिट में टोकरी बनाना , कढ़ाई करना , स्वेटर बनाना या बुनाई करना, कैरी बैग बनाना सिलाई सिखाना, मोमबती बनाना ,लिफाफा , आचार बनाना , पत्तल बनाना चटनी बनाना ,मसाला मिक्स नमक ,का प्रशिक्षण 2019-20 देने का विचार साकार सोसायटी कर रही है।




**हेल्थ  चेकअप कैम्प:- साकार विशेष स्कूल में हेल्थ चेकअप कैम्प तथा दंत चकित्सा शिविर का आयोजन 24 जनवरी 2019 को किया । इस शिविर में बच्चों की हेल्थ व दांतों की जांच की गई तथा बच्चों के दांतो की सफाई की।**







## Sports खेल कूद प्रतियोगिताएं

**Special olympics:- विशेष खेल कूद प्रतियोगिता भारत ने खेलो इंडिया स्टेट गेम बिलासपुर में साकार के विशेष पांच बच्चों ने भाग लिया। साकार के दो लड़कों बोची गेम में दो गोल्ड हासिल किए दो लड़कियों ने बैडमिंटन में दो गोल्ड मैडल हासिल किए , इन बच्चों का चयन नेशनल केलिए किया गया।**



**खेल◌ो इंडिया नेशनल लेवल गेम :-** **साकार विशेष स्कूल के चार विशेष बच्चों ने पांच जुलाई 2018 को गुजरात बैडमिंटन गेम में गए वहाँ से दो गोल्ड मैडल जीते।**



**नेशनल  लेवल कोचिंग कैम्प हरयाणा:-** साकार के विशेष बच्चों में से 6 लड़कियों 6 लड़को ने हैंड बॉल का प्रशिक्षण कैम्प हरयाणा में भाग लिया|




**पिकनिक टूर:-** 25 नवम्बर 2018 को गोहर मंडी सभी बच्चों का पिकनिक टूर किया | बच्चों ने प्रकृतिक रूप से प्रकृति को निहारा तथा धाम लुत्फ़ उठाया|



**अभिभावकों को परामर्श एवंअवेरनेस तथा सामाजिक रूप से जुड़े व्यक्तियों के लिए कार्यशाला :-** 30 सितंबर 2018 को साकार स्कूल ने साकार स्कूल में अवेरनेस कार्यशाला का आयोजन अभिवाबको को काउंसिलिंग किया और इस कार्यशाला में उपस्थित लगभग 80 अभिवाबको और सरकारी स्कूलों से आये हुए 25 अध्यापकों और हिमाचल के ग्रामीण बैंक के चेयरमैन तथा गेर सरकारी स्कूल औरD. A. V से 25 बच्चें तथा CRC . Sunder Nagar के Co-Ordinator श्री मंजीत सिंह सैनी जी ने दिव्यगता के बारे में परामर्श दिया। अंत मे इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री अम्बा प्रसाद जी ने साकार सोसाइटी के कार्य की सहराना की तथा साकार सोसाइटी को आर्थिक रूप से मदद करने को कहा । इस कार्यशालाके विशेष बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।




**वार्षिक उत्सवः- 3 नवम्बर 2018 को साकार सोसाइटी वार्षिक उत्सव मनाया इस उत्सव के मुख्य अतिथि स्थानीय MLA. माननीय जंबाल जी थे । इस उत्सव में साकार स्कूल के सभी बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम उपस्थिति दी । समारोह में सभी बच्चों को इनाम वितरित किए**







**जिला  रोटरी क्लब के राज्यपाल का भ्रमण :-** 4 फ़रवरी 2019 को रोटर क्लब के राज्यपाल ने साकार स्कूल का किया , विशेष बच्चों के बारे में जाना ।तथा आर्थिक मदद समर्थ के अनुसार करने को कहा ।





**ADC. मंडी द्वारा स्कूल भ्रमण :-** ADC. मंडी श्री आशुतोष गर्ग जी ने 15 मार्च  2019 को साकार स्कूल का भ्रमण किया स्कूल में विशेष शिक्षा ले रहे बच्चों के बारे में पूछ ताछ की, स्कूल की सफाई स्कूल प्रबंध समिति के बारे में जांच की साकार सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्य की सहराना की।

**विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए रोजगार की सुविधा:-**साकार विशेष स्कूल में जो बच्चे 18 वर्ष से ऊपर है तथा गरीब परिवार से संबंध रखते हैं । उनके बारे में सोचना शुरू किया । निर्णय लिया कि अपने ही बचो को peon के पद पर रखा जाए । 2018- 2019 में 4 विशेष बच्चों को रोजगार दिया। इन्हें पेन के पद पर रखा। तथा 3 अभिभावकों को आया के पद के रूप में रोजगार दिया है ।







**हमारी टीम :-**

**विशेष शिक्षक = 9**

**फ़िज़ियोथेरेपिस्ट = 1**

**आया = 5**

**Peon. Cum helper = 4**

**Speech Therapist = 1**

**Driver = 5**